## गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय की स्मृति में साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह बुधवार से ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ जी महाराज की 57वीं और महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 12वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में होगा आयोजन

24 सितंबर से होगा समसामयिक विषयों पर सम्मेलन, 23 सितंबर से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ

वृंदावन के प्रख्यात कथावाचक मलूकपीठाधीश्वर राजेंद्रदास जी महाराज सुनाएंगे कथा

गोरखपुर, 21 सितंबर। श्रीगोरक्षपीठ की गौरवशाली आध्यात्मिक-धार्मिक परंपरा को एक नई दिशा प्रदान करने वाले महान देशभक्त, अपराजेय धर्मयोद्धा, हिंदुत्वनिष्ठ-राष्ट्रवादी राजनीति के वाहक, प्रातः स्मरणीय युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज का विराट व्यक्तित्व आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। दोनो महंत जी महाराज राष्ट्रवादी चरित्र एवं आध्यात्मिक चेतना से प्रदीप्त ऐसे संत थे जो अतीत, वर्तमान और अनागत सबको प्रत्यक्षवत् देखते थे। ब्रह्मलीन महंतद्वय हिंदू समाज के रक्षक और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। उनकी स्मृतियां हमें नई ऊर्जा देती हैं। इसी क्रम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 57वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी पावन स्मृति में सप्तदिवसीय श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन 24 सितंबर से 30 सितंबर, 2026 तक श्रीगोरक्षनाथ मंदिर में होगा। साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत ही 23 सितंबर 2026 से साप्ताहिक 'संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान-यज्ञ' का भी आयोजन होगा। श्री रेवासा धाम, वृंदावन से पधारे श्रीमद्जगद्‌गुरु द्वाराचार्य अग्रपीठाधीश्वर एवं मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य जी महाराज कथामृत का पान कराएंगे।

उक्त जानकारी श्रीगोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ जी ने दी है। उन्होंने कहा कि युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने धर्म, संस्कृति, शिक्षा, समाज एवं राष्ट्र के प्रायः सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बहुआयामी एवं लोक संग्रही व्यक्तित्व से अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज की थी। अनेक महत्वपूर्ण धार्मिक-आध्यात्मिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर सड़क से संसद तक दोनो महंत जी महाराज की ओजपूर्ण वाणी गूंजती रहती थी। वर्ष 1920 से लेकर इक्कीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक तक

देश की कोई भी राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक समस्या ऐसी नहीं थी, जिस पर क्रमशः दोनों ब्रह्मलीन महाराज जी की प्रभावपूर्ण उपस्थिति दर्ज न हुई हो। देश में वे आध्यात्मिक-सामाजिक पुनर्जागरण के अग्रदूत के रूप में प्रतिष्ठित हुए तो पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के अग्रदूत बनकर उभरे।

योगी कमलनाथ जी ने कहा कि युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज का कृतित्व आज भी प्रकाश स्तंभ की तरह राष्ट्र जीवन के पथ पर हमारे मार्गदर्शन के लिए विद्यमान है। ब्रह्मलीन महंतद्वय जी महाराज भारत के राष्ट्रीय जीवन की मुख्यधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली हिंदू जीवन पद्धति से अनुप्रेरित समाज को एक समरस, सुगठित और सुदृढ़ समाज के रूप में देखना चाहते थे। उनके सपनों के समर्थ भारत के पुनर्निर्माण एवं हिंदू समाज के पुनर्जागरण हेतु, उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष होने वाला समारोह आमजनमानस को राष्ट्रीय एवं सामाजिक मुद्दों पर प्रेरणा देने का माध्यम होता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दिनांक 24 सितंबर से 30 सितंबर, 2026 तक सप्तदिवसीय श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के अनेक संत, महात्मा, धर्माचार्य, विद्वत्जन, समाजसेवी भाग लेंगे।

साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत समसामयिक विषयों पर चलने वाला सम्मेलन 24 सितंबर से प्रारम्भ होगा। 24 सितंबर को उद्घाटन समारोह में 'भारतीय ज्ञान परंपरा का वर्तमान परिप्रेक्ष्य' विषयक सम्मेलन, 25 सितम्बर को 'नशा नाश का कारण है', 26 को 'लोकतंत्र की जननी है भारत', 27 को 'संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति, 28 सितंबर को 'भारतीय संस्कृति एवं गो-सेवा' विषयक सम्मेलन सम्पन्न होंगे। 29 सितंबर को युगपुरुष महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की तथा 30 सितंबर को राष्ट्रसंत महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। 29-30 सितम्बर को अखंड मानस पाठ तथा भंडारा होगा।

श्रद्धांजलि समारोह में कथावाचक वृंदावन से पधारे स्वामी श्री राजेंद्रदासदास देवाचार्य जी महाराज, रोहतक हरियाणा से पधारे महंत बालकनाथ जी, जूनागढ़ गुजरात से पधारे महंत शेरनाथ जी, नैमिषारण्य से पधारे स्वामी विद्या चैतन्य जी, गाजियाबाद से महंत नारायण गिरी जी, वाराणसी से डॉ. रामकमलदास वेदांती जी, हरिद्वार से पधारे महंत चेताईनाथ जी, कच्छ गुजरात से महंत  देवनाथ जी, वाराणसी से पधारे महंत संतोषदास जी, गुजरात से महंत कमलनाथ जी, प्रयागराज से पधारे जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी विश्वेश प्रपन्नाचार्य जी

महाराज, अयोध्या से महंत रामदिनेशाचार्य जी, अयोध्या से पधारे स्वामी श्रीधराचार्य जी, महंत राघवाचार्य जी, महंत रामलखनदास जी, महंत धर्मदास जी, ब्रह्मचारी दासलाल जी, महन्त राघवेशदास जी, महंत राजूदास जी, देवीपाटन से पधारे महंत मिथलेशनाथ जी, पीर शेरनाथ, योगी लालनाथ, महंत नरसिंहदास जी, महंत शिवनाथ जी, योगी जिताईनाथ जी, जगद्‌गुरू स्वामी घनश्यामाचार्य जी, महंत गंगादास जी सहित देशभर के प्रतिष्ठित धर्माचार्य, साधु एवं संत सम्मिलित होंगे। साथ ही विभिन्न तिथियों के सम्मेलनों में ख्याति प्राप्त वक्ता डॉ. वी. रामानाथन (आईआईटी, बीएचयू, वाराणसी), प्रो. विनोद सोलंकी (प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख, स्वामी विवेकानन्द केंद्र उत्तर प्रदेश), प्रो. संजीव कुमार शर्मा (पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी, बिहार,) प्रो. मुरली मनोहर पाठक, कुलपति (श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली), श्री श्याम बिहारी गुप्ता (अध्यक्ष, गोसेवा आयोग उ.प्र.) श्री जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह (उपाध्यक्ष, गोसेवा आयोग उ.प्र), प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा (पूर्व अध्यक्ष, उच्च शिक्षा आयोग प्रयागराज), प्रो. शिवशरण दास, (भगवती निवास, आर्यनगर गोरखपुर), डॉ. पृथ्वीनाथ सिंह, (सीनियर रेजीडेन्ट, गर्वमेन्ट मेडिकल कालेज अम्बेडकरनगर), प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह निदेशक (गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, प्रयागराज), प्रो. सदानंद प्रसाद गुप्त (पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष, उ.प्र. हिंदी संस्थान, लखनऊ) लालमणि त्रिपाठी (गीताप्रेस, गोरखपुर) द्वारा विशद चर्चा की जाएगी।

योगी कमलनाथ जी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने वाले श्रद्धालुओं के लिये श्रीगोरखनाथ मंदिर की ओर से प्रतिदिन निःशुल्क बस सेवा (लाने और ले जाने हेतु) विभिन्न स्थानों से अपराह्न 2.00 बजे से पूर्व निर्धारित रास्तों पर उपलब्ध होगी। जो भी श्रद्धालु निःशुल्क बस सेवा की सुविधा लेना चाहते हैं, वे समय से उपस्थित होकर सेवा ले सकते हैं। निर्धारित मार्ग निम्नवत हैं:-

1- महुआतर ओवरब्रिज-महेसरा- मोहरीपुर- बरगदवा-राजेन्द्रनगर होते हुये श्रीगोरखनाथ मंदिर।

2- गीता गार्डेन, असुरन चौक एचएन सिंह चौराहा- राप्तीनगर से हाईडिल होते हुए- स्पोर्ट्स कालेज-   जंगल नकहा ओवरब्रिज-राणी सती मंदिर-रामनगर चौराहा होते हुये श्रीगोरखनाथ मंदिर।

3- मुंशी प्रेमचंद पार्क-टीडीएमस्कूल-अलहदादपुर चौराहा-बेतियाहाता चौराहा-गोलघर-काली मंदिर- धर्मशाला पुल-तरंग क्रासिंग होते हुये श्रीगोरखनाथ मंदिर।

4- इंजीनियरिंग कालेज-गिरधरगंज- छात्रसंघ चौराहा-विश्वविद्यालय चौराहा-कार्मल स्कूल- यातायात तिराहा, धर्मशाला-तरंग क्रासिंग होते हुये श्रीगोरखनाथ मंदिर।



!! श्रीगोरक्षनाथो विजयतेतराम् !!

!! जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी !!

**साप्ताहिक पुण्यतिथि समारोह २०२६ के प्रमुख सम्मेलन**

| तिथि | समय | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| २४ सितम्बर २०२६ बृहस्पतिवार | पूर्वाह्न १०.३० बजे | भारतीय ज्ञान परम्परा का वर्तमान परिप्रेक्ष्य। |
| २५ सितम्बर २०२६ शुक्रवार | पूर्वाह्न १०.३० बजे | नशा नाश का कारण है। |
| २६ सितम्बर २०२६ शनिवार | पूर्वाह्न १०.३० बजे | लोकतंत्र की जननी है भारत। |
| २७ सितम्बर, २०२६ रविवार | पूर्वाह्न १०.३० बजे | संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति। |
| २८ सितम्बर २०२६ सोमवार | पूर्वाह्न १०.३० बजे | भारतीय संस्कृति एवं गो-सेवा। |
| २९ सितम्बर २०२६ मंगलवार | पूर्वाह्न १०.३० बजे | ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की पावन पुण्यतिथि। |
| ३० सितम्बर २०२६ बुधवार | पूर्वाह्न १०.३० बजे | ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की पावन पुण्यतिथि। |

!! ॐ नमो भगवते गोरक्षनाथाय !!

श्रीमद्जगद्गुरु द्वाराचार्य अग्रपीठाधीश्वर
एवं मलूकपीठाधीश्वर
**स्वामी श्री राजेन्द्र दास देवाचार्य जी महाराज**
श्री रेवासा धाम, श्री वृन्दावन धाम

सम्माननीय धर्मप्रवर,

श्रीगोरक्षपीठ, गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर की गौरवशाली धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक परम्परा को नई दिशा देने वाले युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ ही समाज एवं राष्ट्र की ज्वलन्त समस्याओं से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर आधारित सप्तदिवसीय समारोह भाद्रपद शुक्ल त्रयोदशी, गुरुवार से आश्विन कृष्ण चतुर्थी, बुधवार विक्रमी संवत् २०८३ तद्नुसार २४ सितम्बर से ३० सितम्बर, २०२६ तक आयोजित है।

सप्तदिवसीय पुण्यतिथि समारोह में अनेक पूज्य सन्त, धर्माचार्य और विद्वत्जन एवं उद्घाटन तथा समापन समारोह में गोरक्षपीठाधीश्वर परमपूज्य महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज, मा० मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सम्मिलित होंगे। आयोजन समिति की हार्दिक इच्छा है कि सप्तदिवसीय पुण्यतिथि समारोह के विभिन्न सम्मेलनों में आपकी उपस्थिति हो।

अत: आपसे विनम्र आग्रह है कि सम्पूर्ण आयोजनों में उपस्थित होकर अनुगृहीत करें।

फोन : 0551-2255453
0551-2255454
E-mail : gorakhnathmandir@yahoo.com
Web : www.gorakhnathmandir.in

शुभेच्छु
**योगी कमलनाथ**
प्रधान पुजारी
श्री गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर



शिवावतार महायोगी गुरु गोरक्षनाथ जी

ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज

ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज

**संगीतमय**
**श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान-यज्ञ**
**का भव्य आयोजन**

**दिनांक 23 सितम्बर से 29 सितम्बर 2026 तक**
**समय : अपराह्न 3.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक**

**अखण्ड ज्योति तथा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान-यज्ञ की शोभायात्रा**

दिनांक 23 सितम्बर, दिन-बुधवार 2026 अपराह्न 2.30 बजे
श्री गोरखनाथ मन्दिर से दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कथा स्थल तक

!! ॐ नमो भगवते गोरक्षनाथाय !!

युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की ५७वीं एवं राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की १२वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक २३ सितम्बर दिन-बुधवार से २९ सितम्बर, दिन-मंगलवार २०२६ तक अपराह्न ३.०० बजे से सायं ६.०० बजे तक संगीतमय 'श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ' का आयोजन किया गया है। व्यासपीठ पर वन्दावन धाम से पधारे श्रीमद्जगद्गुरु द्वाराचार्य अग्रपीठाधीश्वर एवं मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेन्द्र दास देवाचार्य जी महाराज, श्री रेवासा धाम, श्री वृन्दावन धाम के मुखारविंद से कथा अमृत की वर्षा होगी। कथा श्रीगोरखनाथ मन्दिर के महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित है।

अत: आपसे आग्रह है कि इस अवसर पर सपरिवार पधार कर कथा श्रवणकर पुण्य के भागी बनें।

यह कार्यक्रम गोरखनाथ मन्दिर के एक्स, फेसबुक तथा यू-ट्यूब पर लाइव (लिंक विवरण अन्तिम पृष्ठ पर है) देख सकते हैं।

**कथा व्यास**

श्रीमद्जगद्गुरु द्वाराचार्य अग्रपीठाधीश्वर
एवं मलूकपीठाधीश्वर
**स्वामी श्री राजेन्द्र दास देवाचार्य जी महाराज**
श्री रेवासा धाम, श्री वृन्दावन धाम

**यजमानगण**

- श्री महन्त रविन्द्रदास
- श्री अवधेश सिंह
- श्री महेन्द्र पाल सिंह, विधायक
- श्री विपिन सिंह, विधायक
- श्री अतुल सिंह, पूर्व विधायक
- श्री संजय सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि
- श्री विशाल यादव
- श्री जितेन्द्र बहादुर सिंह
- श्री गंगा सागर राय
- श्री जितेन्द्र बहादुर चन्द
- श्री बृजेश यादव, ब्लाक प्रमुख
- श्री अनिल जायसवाल
- श्री महेश पोद्दार
- श्री प्रदीप जोशी
- श्री पुष्पदंत जैन
- श्री विकास जालान

फोन नं. 0551- 2255453, 2255454
E-mail : gorakhnathmandir@yahoo.com
Web.: www.gorakhnathmandir.in

भवदीय
**योगी कमलनाथ**
प्रधान पुजारी
श्रीगोरखनाथ मन्दिर गोरखपुर